15/4/2020

A.B.M college Golmuri

Pol.Sc - Part 'B' Ch - 2

राष्ट्र - निर्माण तथा उसकी समस्याएं

Objective Type Questions —

1/ भारत में 'विविधता में एकता' की विशेषता किसने बताई ?

Ans → पंडित जवाहर लाल नेहरू ।

2/ भारतीय संविधान की प्रस्तावना में बंधुता का आदर्श क्यों रखा गया ?

Ans → राष्ट्रीय एकता हेतु

3) देश के विभाजन के समय कौन - कौन से प्रान्त प्रभावित हुए थे ?

Ans → पंजाब व बंगाल

4) संविधान में भारत के किस राज्य को विशेष दर्जा प्राप्त है ?

Ans → जम्मू - कश्मीर

5) संविधान में किस भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया है ?

Ans → हिन्दी

Scanned by CamScanner

classmate
Date
Page

6) भाषाई आधार पर सबसे पहले किस राज्य की रचना हुई ?

Ans → आन्ध्र प्रदेश

7) भारत में लौह पुरुष की संज्ञा किसे दी गई है ?

Ans → सरदार वल्लभ भाई पटेल

8) भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे ?

Ans → डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद

9) भारत का अंतिम गवर्नर जनरल कौन था ?

Ans → लार्ड माउण्टबेटन

10) 1956 में कौन से द्विभाषी राज्य बने ?

Ans → मुंबई व पंजाब

11) ताशकंद समझौता पर कब हस्ताक्षर हुए थे ?

Ans → 1966 में

12) गोवा भारत संघ का राज्य किस वर्ष बना ?

Ans → 1987

Scanned by CamScanner

## Ch - 2

### Short Answers

1) राज्य निर्माण का क्या अर्थ है?

Ans → देश के प्रान्तों या क्षेत्रों का ऐसा गठन या पुनर्गठन किया जाए जिसे लोग वैध मान लें, ताकि राजनीतिक व आर्थिक व्यवस्था सुचारु रूप से काम कर सके।

2) सामाजिक व आर्थिक न्याय का क्या अर्थ है?

Ans → समाज के सभी वर्गों को समानता मिले, उनकी मान - मर्यादा सुरक्षित हो तथा गरीबी तथा बेकारी जैसे दोषों का निराकरण हो। आर्थिक विषमता को दूर किया जाए।

3) देवनागरी में लिखित हिन्दी को राजभाषा का दर्जा क्यों दिया गया है?

Ans → देश की जनसंख्या का विशाल भाग हिन्दी - भाषी है, गैर हिन्दी भाषी लोगों में भी हिन्दी जानने व बोलने वालों की पर्याप्त संख्या है। इसी कारण से देवनागरी में लिखित हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है।

Scanned by CamScanner

classmate

Date

Page

4) संघ शासित क्षेत्र किसे कहते है?

Ans → यह भारत का वह भाग है जो प्रत्यक्षतः केन्द्रीय सरकार के अधीन रहता है। अन्य राज्यों की भाँति इसे स्वायत्तता प्राप्त नहीं होती। केन्द्र किसी भी संघ शासित क्षेत्र को राज्य दर्जा दे सकता है।

5) भारत में विविधता में एकता है। इसका अर्थ स्पष्ट करें।

Ans → भारत एक विशाल देश है जिसमें अनेक धर्मों, संप्रदायों, जातियों, भाषाओं, संस्कृतियों आदि के लोग रहते है। फिर भी पंडित नेहरू जी शब्दों में, सभी एकता के अदृश्य धागों से बंधे हैं।

6) आजादी के समय भारत को किन दो चुनौतियों का सामना करना पड़ा?

Ans → स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत को दो मुख्य चुनौतियों का सामना करना पड़ा

i) राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने की चुनौती

ii) सभी वर्गों का विकास करने की चुनौती

Scanned by CamScanner